रिलायन्स इंश्युरेन्स का एजुकेशनल प्लान

रिलायन्स कैपिटल लि. के अंग रिलायन्स लाइफ इंश्युरेन्स कंपनी ने एक नया चाइल्ड इन्शुरेन्स प्लान, 'रिलायन्स एजुकेशनल प्लान' लॉन्च किया है। यह नॉन-लिंक्ड, नॉन पार्टिसिपेटिंग स्पेशलिस्ट इन्शुरेन्स प्लान है, जो बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए दो भुगतान (पेआउट) उपलब्ध कराता है।

यह इस प्रकार तैयार किया गया है कि इसमें व्यवस्थित बचत द्वारा बच्चे के कॅरिअर की योजना को सुरक्षित रखा जाता है। इसके अंतर्गत चार परिपक्वता आप्शन हैं जिनका चुनाव ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन जैसे पाठ्यक्रमों के लिए किया जा सकता है। यह प्लान 9 से 12 वर्षों के लिए और 5 वर्षों, 7 वर्षों, 10 वर्षों या संपूर्ण टर्म के लिए भुगतान आप्शन के साथ है।

रिलायन्स एजुकेशन प्लान फ्लेक्जिबल आप्शनों के साथ है। मृत्यु-लाभ पेआउट्स के मामले में मृत्यु पर पूर्ण एकमुश्त भुगतान या 50 प्रतिशत और उसके बाद 10 वर्षों के लिए वार्षिक आय आप्शन भी उपलब्ध है।

मृत्यु लाभ भुगतानों के अतिरिक्त योजना किसी अगले भुगतान के बिना परिपक्वता भुगतानों की भी गारंटी देती है।